प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.06.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी कल होने वाली नीट–यूजी 2026 पुनर्परीक्षा की तैयारियों के तहत आज देशभर में मॉक ड्रिल कर रही है। सुबह नौ बजे शुरू हुआ यह अभ्यास पूरे दिन जारी रहेगा। इस अभ्यास में ढाई लाख से अधिक सुरक्षा कर्मी शामिल हैं। इसका उद्देश्य परीक्षा का सुरक्षित, निष्पक्ष और सुचारु संचालन सुनिश्चित करना है। एजेंसी के अनुसार, नीट–यूजी पुनर्परीक्षा भारत के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में आयोजित की जाएगी। जिसमें 22 लाख 79 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा में सीसीटीवी निगरानी, आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और परीक्षा सामग्री के सुरक्षित परिवहन जैसी विशेष सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई हैं। इधर रांची समेत झारखंड के सभी परीक्षा केंद्रों के दो सौ मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

****

राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बोकारो जिले के गोमिया पंचायत स्थित जलमीनार परिसर में एक नए इंटेकवेल और पाइपलाइन परियोजना का उद्घाटन किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि गोमिया ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत कोनार नदी में निर्मित इस इंटेकवेल और नवीनीकरण परियोजना से क्षेत्रवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और नियमित पेयजल की सौगात मिली है।

****

रांची के लोक भवन में आयोजित पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड में रह रहे पश्चिम बंगालवासियों को संबोधित करते हुए 'विविधता में एकता' को भारत की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान और भावनात्मक एकता को मजबूत कर रही है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के जन्मदिन पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुभकामनाएं देते हुए उनके राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण, सादगीपूर्ण जीवन तथा प्रेरणादायी नेतृत्व की सराहना की। राज्यपाल ने राष्ट्रपति के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए उनके योगदान को सभी के लिए अनुकरणीय बताया।

****

कल मनाए जानेवाले विश्व योग दिवस को लेकर खूंटी जिले के ग्रामीण इलाकों में भी तैयारियां की जा रही हैं। माहिल स्थित योगाभ्यास केन्द्र में योग प्रशिक्षक नमित नाग ने बताया कि प्रतिदिन योगाभ्यास करने से व्यक्ति की जीवनशैली स्वस्थ बनी रहती है।

****

झारखंड हाईकोर्ट में नामकुम अंचल में जमीन म्यूटेशन दस्तावेजों में हेरफेर से जुड़ी अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को प्रारंभिक जांच की अनुमति देने पर दो सप्ताह में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने कैबिनेट विजिलेंस विभाग के प्रधान सचिव को प्रतिवादी बनाते हुए आदेश दिया कि वे अपने निर्णय से एसीबी को अवगत कराएं। इस मामले की अगली सुनवाई अब 10 जुलाई 2026 को होगी।

****

स्वच्छता पखवाड़ा–2026 के तहत सीसीएल ने बेहतर कल के लिए प्लास्टिक कचरा कम करना विषय पर व्याख्यान और वेबिनार का आयोजन किया। इसका मकसद एकल–उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस मौके पर सीआईपीईटी रांची के निदेशक अवनीत कुमार जोशी ने मुख्य वक्ता के रूप में प्लास्टिक अपशिष्ट के पर्यावरणीय प्रभावों, अपशिष्ट प्रबंधन और सतत विकास में इसकी भूमिका पर चर्चा की और व्यवहारगत परिवर्तन व सामूहिक जनभागीदारी पर जोर दिया।

****

मादक पदार्थों के खिलाफ जनजागरूकता अभियान को लेकर आज पांचवें दिन हजारीबाग जिले के कई प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत 10 सांस्कृतिक दलों ने 20 स्थानों पर नुक्कड़ नाटक किया। इस दौरान लोगों को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

********समाप्त********